भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3343

जिसका उत्तर शुक्रवार, 7 अगस्त, 2026/16 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है।

उर्वरकों हेतु परिव्यय में कमी का प्रभाव

3343. श्री वाई.एस.अविनाश रेड्डी:

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि वर्ष 2025-26 के लिए उर्वरक विभाग का अनुमानित परिव्यय 1,84,704.63 करोड़ रुपये था, परंतु संशोधित अनुमान 1,71,082.44 करोड़ रुपये रहा जो 7.38 प्रतिशत की कमी को दर्शाता है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त कमी से पोषक-तत्व आधारित राजसहायता (एनबीएस) योजना और यूरिया राजसहायता योजना दोनों प्रभावित हुई हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट अनुमान एवं संशोधित अनुमान का विवरण निम्नानुसार है;

(आँकड़े करोड़ रुपए में)

वित्त वर्ष	बजट अनुमान (BE)	संशोधित अनुमान (RE)
2025-26	**Rs.1,84,082.44**	**Rs.2,15,148.63**

उर्वरक सब्सिडी के लिए बजटीय आवंटन की समय-समय पर समीक्षा की जाती है, जिसके आधार पर आवश्यकतानुसार, प्रचलित प्रावधानों के अनुसार अतिरिक्त बजटीय आवंटन प्राप्त करने की प्रक्रिया अपनाई जाती है।

*****